7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 19 संस्करण : उत्तर प्रदेश | उत्तराखंड | हिमाचल | जम्मू-कश्मीर | दिल्ली | हरियाणा | पंजाब | चंडीगढ़

राजधानी
वर्ष 10 | अंक 212 | पृष्ठ : 20+8 = 28
मूल्य : तीन रुपये

अमर उजाला

लखनऊ
मंगलवार, 30 जनवरी 2018

महा मुकाबला — अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप के सेमीफाइनल में आज भारत-पाकिस्तान भिड़ंत...14 — उत्तर प्रदेश

हवा से चलेगी बाइक, कबाड़ से बना डाला वैक्यूम क्लीनर

साइंस सिटी में तीन दिवसीय इनोवेशन फेस्टिवल का आगाज

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ।

कबाड़ से बना वैक्यूम क्लीनर हो या हवा से चलने वाली बाइक। ऐसे तमाम इनोवेशन सोमवार को साइंस सिटी अलीगंज में देखने को मिले। तीन दिवसीय इनोवेशन फेस्टिवल में ऐसे अनूठे आविष्कारों को प्रदर्शनी में रखा गया है। प्रदर्शनी सुबह 10 से शाम 4 बजे तक चलेगी।

फेस्टिवल का उद्घाटन एलयू के पीवीसी प्रो. यूएन द्विवेदी ने किया। करीब 50 इनोवेशन प्रदर्शित किए गए हैं। एलयू के भौतिक विभाग के प्रो. एमएम वर्मा ने प्रो. द्विवेदी के साथ एयर-ओ-बाइक, यूनिवर्सल ब्रिक्स, आदमी के बाल से बनी खाद, मैनुअल वाशिंग मशीन, एयर स्क्रबर, ब्लाइंड स्टिक, जूतों से मोबाइल चार्ज करने वाला चार्जर, सोलर ऊर्जा से चलने वाली साइकिल आदि की सराहना की। प्रदर्शनी में प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर डॉ. राज मेहरोत्रा भी मौजूद रहे।

हवा से चलने वाली बाइक

स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज के बच्चों ने ऐसी बाइक बनाई है जो हवा से चलती है। एयर ओ बाइक में एक छोटा सिलेंडर लगा है, उसमें हवा भरवाकर एक बार में 40 किमी तक चला सकते हैं। बाइक 60किमी/घंटे की रफ्तार से चल सकती है।

उपयोगी है वैक्यूम क्लीनर

लखनऊ के राजकीय इंटर कालेज के बच्चों ने मिलकर वैक्यूम क्लीनर बनाया है। इसे कबाड़ का सामान उपयोग कर बनाया गया है। इसे बनाने में कोई खर्च नहीं आएगा। इसे बैटरी से चलाया जा सकता है। जूतों से रात में रोशनी : पायनियर मांटेसरी के क्षितिज तिवारी ने इलेक्ट्रिक शूज बनाए हैं। यह रात में काम करने वाले वाचमैन और ट्रैफिक पुलिस के लिए उपयोगी है। इसमें लगी बैटरी चलने से रिचार्ज होगी।